प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिये कल डाले जायेंगे वोट : 34 लाख से अधिक मतदाता करेंगे 90 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला, 23 नवम्बर को होगी मतगणना।
2. केन्द्रीय शहरी और आवास राज्यमंत्री तोखम साहू ने आज लखनऊ में दो दिवसीय कार्यशाला का किया शुभारम्भ : कहा– पूरी दुनिया में हो रही है स्वच्छ भारत मुहिम की चर्चा।
3. उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जारी किया हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा का कार्यक्रम : 24 फरवरी से शुरू होकर बारह मार्च तक चलेंगी परीक्षाएं।

और

4. वायु प्रदूषण के चलते गौतमबुद्धनगर और मेरठ में कक्षा 12 तक के स्कूलों में घोषित किया गया अवकाश : निर्माण कार्यो पर लगो रोक।

———————

प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिये कल सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जायेंगे। मतगणना 23 नवम्बर को होगी। उपचुनाव में करीब 34 लाख से अधिक मतदाता 90 प्रत्याशियों के भाग्य का

फैसला करेंगे। जिन सीटों पर उपचुनाव हो रहा है, इनमें मुजफ्फरनगर जनपद की मीरापुर, मुरादाबाद की कुंदरकी, गाजियाबाद, अलीगढ़ की खैर, मैनपुरी की करहल, कानपुर नगर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, अम्बेडकरनगर की कटेहरी और मिर्जापुर की मझवां सीट शामिल है। सबसे अधिक 14 प्रत्याशी गाजियाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं, वहीं सबसे कम पांच–पांच प्रत्याशी खैर और सीसामऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। इस बीच उपचुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियां पहुंच गई है। एक रिपोर्ट..

*निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान के लिये मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य पहचान पत्र जैसे पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, डाकघर द्वारा जारी किये फोटोयुक्त पासबुक और स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड आदि मान्य होंगे। 9 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 3 हजार 718 मतदेय स्थल तथा एक हजार 917 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिये नौ सामन्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक के अतिरिक्त 350 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 56 जोनल मजिस्ट्रेट, 60 स्टैट्रिक मजिस्ट्रेट और 745 माइक्रो आर्ब्जवर तैनात किये गये हैं। मतदेय स्थलों पर लाइव वेब कास्टिंग व्यवस्था की गई है। दिव्यांग मतदाताओं के लिये मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर एवं वालन्टियर की व्यवस्था रहेगी। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिये पर्याप्त मात्रा में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही स्ट्रॉग रूम की जिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बलों को दी गई है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

———————

केन्द्रीय शहरी एवं आवास राज्य मंत्री तोखम साहू ने आज शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के सुरक्षित प्रबंधन को लेकर लखनऊ में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया। आज विश्व टॉयलेट दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी की प्रेरणा से

शुरू की गई स्वच्छ भारत की मुहिम की आज देश दुनिया में चर्चा हो रही है। लगभग 4 हजार से ज्यादा शहर आडीएफ प्लस श्रेणी में आ चुके हैं। इस अवसर पर प्रदेश के शहरी विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा, भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गारसेटी तथा केन्द्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री ने इस अवसर पर क्लीन टॉयलेट अभियान 2024 का भी शुभारम्भ किया। इसके अलावा प्राइवेट क्षेत्र के सहयोग से देश में कम्यूनिटी टॉयलेट बनाने और भीड़ भाड़ वाले इलाकों में सुलभ इंटरनेशनल की मदद से टॉयलेट स्थापित करने को लेकर समझौता पत्रों पर भी दस्तखत किये गये।

————————

आगरा के में आज पंचायती राज मंत्रालय द्वारा ईज ऑफ़ लिविंग पर आधारित द्वितीय पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारम्भ केंद्रीय मत्स्य पालन, पशु पालन, डेयरी एवं पंचायती राज राज्यमंत्री प्रोफेसर एस पी सिंह बघेल और प्रदेश सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने किया। सम्मेलन में जमीनी स्तर पर सेवा वितरण को बढ़ावा देने के विषय पर मंथन किया गया। पंचायत सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, असम, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, नागालैंड, उत्तराखंड सहित आठ राज्यों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लेकर शासन

से अनुभव साझा किये गए। इस पंचायती सम्मेलन के आयोजित करने का उदेश्य ग्रामीण शासन में परिवर्तनकारी बदलाव में तेजी लाना है

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक में 26 दिसम्बर से शुरू हो रहे संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्री योगी ने कहा कि सभी सरकारी संस्थानों, कार्यालयों और विद्यालयों में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया जाये। निबंध और डिबेट प्रतियोगिताएं आयोजित कर संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली जाये।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दिसंबर 2026 में उत्तर प्रदेश देश को पहली नाइट सफारी का उपहार मिलेगा। राजधानी लखनऊ में बनने जा रही यह नाइट सफारी देश और दुनिया के प्रकृति प्रेमियों के लिए एक नया गंतव्य होगा। यह दुनिया की पांचवीं नाइट सफारी होगी। मुख्यमंत्री के समक्ष आज उनके सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रस्तावित कुकरैल नाइट सफारी पार्क एवं जू का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य हर हाल में जून 2026 तक पूरा कर लिया जाए। नाइट सफारी और जू के लिए वन्य जीवों के लाने

की समुचित व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाए। नाइट सफारी और जू की इकोनामी के लिए सस्टेनेबल मॉडलविकसित किया जाएं।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट वर्ष दो हजार पच्चीस की परीक्षायें चौबीस फरवरी से शुरू होकर बारह मार्च तक चलेंगी। इसमें कुल चौवन लाख अड़तीस हजार पांच सौ सत्तानबे छात्र–छात्रायें शामिल होंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह के मुताबिक इस बार बारह कार्य दिवस में हाईस्कूल और इटरमीडिएट की परीक्षाएं सम्पन्न होंगी। हाईस्कूल में इस बार सत्ताइस लाख चार हजार तथा इण्टर में छब्बीस लाख अट्ठानबे हजार परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। उत्तर प्रदेश बोर्ड ने परीक्षा से तीन महीने से अधिक समय पहले ही कार्यक्रम जारी कर दिया है। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े आठ बजे से ग्यारह बजकर पैंतालीस मिनट तक और दूसरी पाली*

*की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक होगी। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

—————————

दिल्ली एनसीआर म वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में वायु प्रदूषण को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सभी स्कूलों को 23 नवम्बर तक बंद रखने के आदेश दिये हैं। इस दौरान ऑन लाइन कक्षाएं चलेंगो। वहीं मेरठ में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों में अनिश्चितकाल के लिये अवकाश घोषित कर दिया है। मेरठ में एयर क्वालिटी इंडेक्स 375 तक पहुंच गया है। जिले में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये ग्रैप सिस्टम लागू कर दिया गया है। नगर आयुक्त सौरभ गंगवार ने बताया कि इस दौरान सभी निर्माण कार्यो पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। बाइट.....

*ग्रैप फ़ोर लागू हो रहा है ग्रैप फ़ोर में काफी रिगरस हमें एक्टिविटीज को रोकना पड़ता है। रिग्रेसिवली और उसमें जितने भी निर्माण कार्य है। इन्क्लूडिंग रोड़्स एक्टसेक्टरा उनपे भी हमें प्रतिबंधत करना है। ग्रैप फ़ोर में वो सारी एक्टिविटीज भी शामिल हैं जो ग्रैप वन, ग्रैप टू, ग्रैप थ्री में हमें प्रतिबंधित करनी है और इसके तहत अभी डिटेल्ड गाइडलाइन्स को जिला प्रशासन के द्वारा भी जारी की जाएंगी। हमारी तरफ से जो भी मेन मेन एक्टिविटीज इस ग्रैप में शाामिल है, प्रतिबंध में उसको हमने लागू कर दिया हैं। पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है और ऐंटी स्मोक भी रेगुलरली चला रहे हैं। जिससे कि हम जनता को राहत दे रहे हैं।*

—————————

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अंडर 17 की 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवम्बर से 30 नवम्बर 2024 तक गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के शुभंकर और ट्रॉफी का आज प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार ने अनावरण किया। उन्होंने कहा......

*हम लोगों ने माध्यमिक में एक स्पोर्ट्स फॉर स्कूल्स कार्यक्रम शुरू किया है और इसमें अभी तक बेसिक शिक्षा के 18,500 विद्यालय माध्यमिक शिक्षा के 12,000 कस्तूरबा गाँधी जो बालिका विद्यालय हैं वह सभी 733 उनके लगभग 2,08,000 विद्यार्थियों को हम लोगों ने इसमें जोड़ा है और इसमें हम लोग हर चीजें उपलब्ध करा रहे हैं क्योंकि अगर खेलों को बढ़ावा देना है तो उसके लिए एक तो बच्चों को प्रोत्साहित करना होगा। ज्यादा से ज्यादा उनके लिए प्लेग्राउंड डेवलप करा रहे हैं ताकि बच्चों को स्कूल में या स्कूल के आसपास एक प्लेग्राउंड मिल सके। उनके लिए कोच होना चाहिए, उनको ज्यादा से ज्यादा हम कॉम्पटीशन से उपलब्ध कराएं।*

(समाप्त)